(d) The power supply position in Orissa is expected to improve with the on set of monsoon in June, 1982.

माउंट आबू में दूरदर्शन केन्द्र और आकाशवाणी केन्द्र की स्थापना करना

1496. **श्री विरदा राम फुलवारिया :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान के प्रसिद्ध और अनूठे पर्यटक केन्द्र माउण्ट आबू में एक दूरदर्शन केन्द्र और एक आकाशवाणी केन्द्र को स्थापना करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो यह योजना कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है और यदि नही, तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री बसंत साठे) : (क) जी, नहीं ।

(ख) संसाधनों के अभाव और सापेक्ष प्राथमिकता के कारण, इस प्रकार के किसी प्रस्ताव की वर्तमान में या निकट भविष्य में योजना नहीं बनाई गई है । तथापि, माउंट आबू रात के समय आकाशवाणी, जोधपुर की सेवा परिधि के अन्दर आता है ।

मथुरा तेल शोधक कारखाने में भर्ती

1497. **श्री दिगम्बर सिंह :** क्या पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1982 में मथुरा तेल-शोधक कारखाने में कितने व्यक्ति भर्ती किये जायेंगे; और

(ख) पदों के किन वर्गों के लिए भर्ती की जायेगी और इनकी अलग-अलग संख्या क्या है और इन पदों के प्रत्येक वर्ग के लिए निर्धारित अर्हतायें क्या हैं ?

पैट्रोलियम रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) वर्तमान अनुमानों के अनुसार वर्ष 1982 के दौरान मथुरा शोधनशाला में लगभग 300 व्यक्तियों को भरती किया जायेगा ।

(ख) एक विवरण पत्र सभापटल पर प्रस्तुत है ।

विवरण

पदनाम	पदों की संख्या	निर्धारित योग्यताएं	निर्धारित अनुभव
[illegible]० एण्ड० यू०) [illegible] 3	5	वैद्युत/यांत्रिक ट्रेड में आई० टी० आई० प्रमाण पत्र सहित दसवीं कक्षा बायलर दक्षता प्रमाणपत्र धारकों को प्राथमिकता दी जाएगी	5 वर्ष
ग्रेड 4	4	वही	3 वर्ष
[illegible] परेटर (उत्पादन) ग्रेड 3	13	प्रक्रिया उद्योग में अनुभव सहित रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र सहित बी0 एस0 सी0	3--5 वर्ष